# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 9 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 148 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे





केदारनाथ में बड़ा हादसा टला, हाईवे पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

## वन्य प्राणियों के पेयजल व्यवस्था के लिए विशेष टैंकर की सुविधा

## क्षेत्र के वन्य प्राणियों को उपलब्ध होगा पेयजल– विधायक मेव

दीपक तोमर

मंडलेश्वर।क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने विधायक निधि से विधानसभा क्षेत्र की बागदरा ग्राम पंचायत को एक विशेष कार्य के लिए विधायक निधि से टैंकर उपलब्ध कराया है। उक्त टैंकर का काम बागदरा पंचायत क्षेत्र में आने वाले वन क्षेत्र के वन्य प्राणियों को पेयजल उपलब्ध करवाना है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मेव ने बताया कि जाम घाट के नीचे का हिस्सा महेश्वर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली बागदरा ग्राम पंचायत में आता है। उक्त वन क्षेत्र के कई वन्य प्राणी रहते है। भीषण गर्मी में इन सभी वन्य प्राणियों को पेय जल की उपलब्धता नहीं हो पाती है। इसलिए वन्य प्राणियों को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए विधायक निधि से टैंकर की व्यवस्था की गई है। विधायक मेव ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि वन्य प्राणियों के लिए विधायक निधि से ही 2 हजार लीटर की दो टंकियों का भी निर्माण प्रस्तावित किया गया है जो कि वन क्षेत्र में बनाई जाएगी। इन टंकियों को प्रतिदिन उक्त टैंकर के माध्यम से भरा जाएगा। जिससे वन्य प्राणियों को पेयजल सुलभता से उपलब्ध हो सकेगा।




समाजसेवी नवीन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक राजकुमार मेव द्वारा वन्य प्राणियों के लिए टैंकर देना प्राणियों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। यह वन्य प्राणियों के प्रति एक अनूठी एवं महत्वपूर्ण पहल है। इस टैंकर के माध्यम से हम अपने ट्रैक्टर द्वारा मूक प्राणियों के लिए नियमित पेयजल पहुंचाने का काम करेंगे।

### दो वित्तीय वर्षों में 56 टैंकरों का हुआ है वितरणः

विधायक मेव ने जानकारी देते हुए बताया कि 2024–25 के वित्तीय वर्ष में विधायक निधि से 25 टैंकरों का वितरण किया गया था वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में अभी तक 49 लाख 80 हजार की लागत से निर्मित 31 टैंकरों का वितरण विधायक निधि के माध्यम से नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों को किया जा चुका है।

## स्क्रीन टाइम डिसऑर्डर अर्थात मोबाइल एडिक्शन' के उपचार में कारगर है सहजयोग

अत्यधिक मोबाइल का उपयोग आजकल एक गंभीर समस्या बन गया है, जिसे "मोबाइल एडिक्शन" या "स्क्रीन टाइम डिसऑर्डर" कहा जाता है। यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जैसे कि आंखों की समस्या, सिरदर्द, नींद की कमी, मानसिक थकान तथा एकाग्रता की कमी। मोबाइल से अत्यधिक लगाव और विचलित मन की समस्या आजकल बहुत आम हो गई है, जो मानसिक तनाव और नींद की कमी का कारण बन सकती है। यह डिजिटल युग में लोगों की मानसिक शांति को प्रभावित कर रहा है, क्योंकि मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से लगातार सूक्ष्म रेडिएशन का प्रवाह होता है, जिससे मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है और नींद पर भी बुरा असर पड़ता है। बच्चों में यह समस्या और भी गंभीर रूप ले रही है। मोबाइल एडिक्शन उनके संपूर्ण विकास को प्रभावित करता है। श्री माताजी निर्मला देवी प्रदत्त सहजयोग ध्यान इस स्थिति से बाहर निकालने में बहुत सहायक है। सहजयोग ध्यान के माध्यम से आपको अपने मानसिक विचलन को नियंत्रित करने और गहरी नींद पाने में मदद मिलती है।



### चिंता और मानसिक विचलन से मुक्ति

सहजयोग ध्यान का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि हम अपने मन में उठने वाली चिंताओं और विचारों को नियंत्रित करने की कला सीखते हैं। मोबाइल के कारण जो मानसिक विचलन होता है, उसे सहजयोग ध्यान के माध्यम से बड़ी ही सहजता से नियंत्रित किया जा सकता है। सहजयोग में आप ध्यान की अवस्था में वर्तमान में स्थित होते हैं और भूत व भविष्य की चिंताओं से मुक्त हो जाते हैं। आभासी व वास्तविक का भेद स्पष्ट हो जाता है, यह आपके तनाव को कम करता है।

### एडिक्शन पर काबू पाना

अगर मोबाइल का अत्यधिक उपयोग मानसिक अस्थिरता का कारण बन रहा है, तो आपको समय-समय पर डिजिटल डिटॉक्स की आवश्यकता हो सकती है। सहजयोग ध्यान इसमें अत्यंत कारगर साबित हो सकता है क्योंकि किसी भी लत से छुटकारा पाने के लिए आवश्यक है कि आपकी इच्छा शक्ति प्रबल हो तथा मन पर आपका पूर्ण नियंत्रण हो। सहजयोग का आधार ही मन की एकाग्रता व निर्विचार स्थिति है। यहां किसी प्रकार की जबरदस्ती की आवश्यकता नहीं होती स्वतः ही जो ग़लत है वो छूट जाता है। सहजयोग न केवल मानसिक शांति और संतुलन को बढ़ाता है, बल्कि जीवन में अधिक जागरूकता और एकाग्रता को भी बढ़ावा देता है, जिससे जीवन में संतुलन और शांति, उन्नति व आनंद की प्राप्ति होती है। सहजयोग में कलात्मकता का विकास होता है जैसे चित्रकला, नृत्य, संगीत, लेखन आदि में रूचि बढ़ जाती है। व्यक्ति कृत्रिमता से परे प्रकृति के करीब हो जाता है। यह संतुलन साधक की अनेक शारीरिक व मानसिक व्याधियों को स्वतः ही ठीक कर देता है। ध्यान की इस वैज्ञानिक पद्धति की अधिक जानकारी हेतु हमारे हेल्पलाइन नंबर 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

# 11 साल की बच्ची पर सियार ने किया हमला:मां खेत में काम कर रही थी, बच्ची पेड़ के नीचे खेल रही थी; चेहरे पर गहरे जख्म

**सुनील नगेले**

शिवपुरी। शिवपुरी जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र में एक सियार ने 11 वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। बैराड़ कस्बे की रहने वाली अनन्या पाल अपनी मां के साथ खेत पर गई थी। मां खेत में काम कर रही थी। अनन्या पास ही एक पेड़ की छांव में खेल रही थी। इसी दौरान अचानक एक सियार ने उस पर हमला कर दिया। बच्ची की चीख सुनकर मां और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने सियार को भगाकर बच्ची को बचाया। हमले में अनन्या के चेहरे और शरीर पर गहरे जख्म आए हैं। उसे जिला अस्पताल शिवपुरी में भर्ती कराया गया है।



# सुसाइड से पहले युवक ने बनाया वीडियो:बोला- पत्नी-ससुराल पक्ष प्रताड़ित करते है; ईद की नमाज से लौटने पर परिजनों ने देखा तो फांसी लटका मिला

**सुनील नगेले**

शिवपुरी। जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र के गौंदरी गांव में ईद के दिन 25 वर्षीय शरीफ खान ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखा और कई वीडियो बनाए, जिनमें उसने अपनी पत्नी, सास और ससुर को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।




जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह जब परिजन ईद की नमाज से लौटे तो उन्होंने शरीफ को घर में फांसी के फंदे पर लटका पाया। किराना दुकान चलाने वाले शरीफ ने सुसाइड नोट में लिखा कि उसने ससुराल पक्ष को पैसे उधार दिए थे। पैसे मांगने पर 5 जून को उसकी पत्नी रानी, सास सितारा और ससुर शब्बीर खान ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद मृतक के परिजन सुसाइड नोट और मोबाइल लेकर बैराड़ थाने पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। शरीफ ने अपनी दो वर्षीय बेटी अलीशा की जिम्मेदारी अपनी मां और बड़े भाई-भाभी को सौंपी है।

## सुसाइड नोट और वीडियो की जांच कर रही पुलिस

थाना प्रभारी रवि शंकर कौशल ने बताया कि मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। सुसाइड नोट और वीडियो को जांच में शामिल किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# औद्योगिक क्षेत्र ग्राम निमरानी की शक्ति पोलिफेब कंपनी में उंगलियां कटने के मामले में कम्पनी मालिक ठेकेदार सहित मैनेजर पर हुआ मामला दर्ज




**शिवकुमार राठौड़ कसरावद**

कसरावद.औद्योगिक क्षेत्र निमरानी की शक्ति पोलिफेब कंपनी में मजदूर की उंगलियां कटने वाले मामले में श्रम विभाग ने लेबर एक्ट सहित न्यूनतम वेतन में कारवाई की गई थी तो वही खंडवा से आए राजेश यादव ने मजदूर के बयान के आधार पर कारखाना अधिनियम के तहत कारवाई करने के लिए कहा गया था तो वही शुक्रवार को मजदूर के बयान पर खलटाका पुलिस ने कम्पनी मालिक ठेकेदार सहित मैनेजर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।वही एक बात और चौकाने वाली बात सामने आई है जिसमे श्रम अधिकारी ने बताया था कि कंपनी में कोई ठेकदार अधग्रहित नही है।फिर यह कंपनी द्वारा केसे इस मजदूर से बिना लाइसेंस के ठेकेदारों से कार्य करवाया जा रहा है साथ ही एक अकुशल मजदूर से कुशल श्रमिक का कार्य लेकर उससे 12 घंटे कार्य लिया जा रहा था साथ ही उसे 12 घंटे कार्य के एवज में मात्र 350 रूपये का नकद भुगतान किया जा रहा था।अगर समय समय पर इन कंपनियों की जांच अगर श्रम विभाग द्वारा की जाती है तो फिर ये बड़ी घोर लापरवाही केसे सामने आई है।

## यह था मामला

औद्योगिक क्षेत्र निमरानी में स्थित शक्ति पोलिफेब कंपनी में हेल्पर के पद पर कार्यरत ग्राम निमरानी निवासी मजदूर राम तंवर मशीन में कार्य के दौरान हाथ आ जाने से उसकी उंगलियां कट गई थी। जिसके कारण साथी मजदूरों द्वारा आनन फानन में उसे धामनोद अस्पताल पहुंचाया गया था।कंपनी में कार्यरत मजदूर को न्यूनतम वेतन बोनस सहित ईएसआई की सुविधा नहीं मिल पा रही थी साथ ही मजदूर को सैलरी भी नकद दी जा रही थी।और मजदूर के घायल होने के बाद भी कंपनी के किसी भी अधिकारी ने मजदूर की सुध नहीं ली गई।जो की कंपनी खुलेआम श्रम कानूनों के नियमो की धज्जियां उड़ा रही है एक मजदूर से बिना नियमो के बंधुआ मजदूर की तरह काम लिया जा रहा था।

जिसे लेकर घटना के बाद श्रम अधिकारी अमित डोडवे ने कम्पनी में निरीक्षण के बाद लेबर एक्ट सहित चाइल्ड एक्ट में कारवाई करने के लिए कहा गया था।तो वही कम्पनी के हेल्थ सेफ्टी विभाग से राजेश यादव ने कारखाना अधिनियम के तहत करवाई करने के निर्देश दिए गए थे।तो वही बलकवाड़ा थाना प्रभारी रितेश यादव ने बताया की मजदूर ने अपने बयानों के आधार पर कंपनी मालिक रवि सिंघल मैनेजर अमित और ठेकेदार मगन पिता मालसिंह शेखावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# एसपी निश्चल एन झारिया को एसएसपी बनने पर पत्रकारों ने दी बधाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर किया सम्मान, गुलदस्ता भेंट कर दी शुभकामनाएं



**संदीप वाईकर बैतूल**

बैतूल। पुलिस अधीक्षक निश्चल एन झारिया को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नत कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बनाया गया है। इस उपलब्धि पर शनिवार को पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई दी।

पत्रकार मोहन प्रजापति, नईम मामू, ईरशाद खान, संतोष प्रजापति, राजेंद्र बघेल एडवोकेट सहित अन्य पत्रकार एसपी कार्यालय पहुंचे और एसएसपी निश्चल एन झारिया को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि एसएसपी निश्चल एन झारिया की पदस्थापना बैतूल में होने से पूर्व वे भोपाल में अपराध शाखा प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। भोपाल कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठित अपराध, साइबर क्राइम और गंभीर आपराधिक मामलों पर प्रभावी कार्रवाई की थी। उनकी त्वरित निर्णय क्षमता, अपराधों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण और स्पष्ट कार्यशैली को लेकर विभाग में उनकी विशेष पहचान बनी है।

बैतूल जिले में एसपी के रूप में कार्य करते हुए निश्चल एन झारिया ने कई लंबित और अनसुलझे जघन्य अपराधों की गहन विवेचना कर प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने कहा कि जिले को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दे और अपराध नियंत्रण में तत्परता दिखाए। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बेटी के हाथ पीले करने को तरस रहे पिता की मदद करने आगे आए हरक सिंह रघुवंशी, उठाया विवाह का पूरा खर्च

### गरीब बेटी की शादी कर रघुवंशी परिवार ने रचा इतिहास, गृहस्थी का हर सामान देकर किया कन्यादान

**संदीप वाईकर बैतूल**

बैतूल। मुलताई ब्लॉक के चिखलीकलां गांव में बुधवार को एक ऐसा विवाह संपन्न हुआ, जो समाज सेवा और समरसता का ऐतिहासिक उदाहरण बन गया। बैतूल निवासी हरक सिंह रघुवंशी, उनकी पत्नी श्रीमती कृष्णा रघुवंशी और सुपुत्र राजा रघुवंशी ने चिखलीकला के एक अत्यंत गरीब परिवार की बेटी आयुष्मती नान्ही का विवाह धूमधाम से करवाया। इस विवाह का पूरा खर्च रघुवंशी परिवार ने उठाया, जिसमें कन्यादान स्वरूप गृहस्थी की सारी सामग्री भी दी गई।

जिस बेटी की शादी कराई गई, वह मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले दर्शन गिराहरे की इकलौती संतान है। दर्शन गिराहरे के पास न खुद का मकान है और न खेती की जमीन। वे अपनी सास के मकान में रहकर परिवार चला रहे हैं। आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि बेटी की शादी करना उनके लिए असंभव था। इस परिस्थिति को देखकर हरक सिंह रघुवंशी और उनके बेटे राजा रघुवंशी ने परिवार से संपर्क किया और बेटी की शादी का पूरा जिम्मा अपने हाथों में लिया।



हरक सिंह रघुवंशी ने बताया कि उनके अपने तीनों बच्चों का विवाह हो चुका है और लंबे समय से उनकी इच्छा थी कि किसी दूसरे समाज की गरीब बेटी का कन्यादान करें। वे पिछले एक साल से ऐसे परिवार की तलाश कर रहे थे, जिन्हें सच में मदद की जरूरत हो। जनपद उपाध्यक्ष कमलेश पटेल ने उन्हें दर्शन गिराहरे के परिवार के बारे में बताया, जिसके बाद उन्होंने यह निर्णय लिया।

इस विवाह में हर प्रकार से सहयोग दिया गया। लड़की को सोफा सेट, पलंग, पलंग पेंटी, फ्रिज, कूलर, आलमारी, पीतल और तांबे के बर्तन, पूरा किचन सेट, टेंट, भोजन की व्यवस्था और सभी रस्मों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। बेटी नान्ही का विवाह सोनेगांव निवासी गोकुल भादे के पुत्र जितेंद्र के साथ सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक विवाह समारोह में रघुवंशी समाज और पंवार समाज की उपस्थिति रही। साथ ही अनेक जनप्रतिनिधि भी विवाह में शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, जनपद अध्यक्ष मुलताई श्रीमती नान्ही बाई, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश पटेल, रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह रघुवंशी, जनपद उपाध्यक्ष आमला किशन सिंह रघुवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष व सचिव नारायण सिंह रघुवंशी, नारायण सिंह नगदे, युवा जिलाध्यक्ष डॉ. कमलेश रघुवंशी, उपाध्यक्ष अशोक रघुवंशी, उपसरपंच जयप्रकाश रघुवंशी, पवन रघुवंशी सहित नजर सिंह रघुवंशी, दिलीप सिंह रघुवंशी तथा समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा। ग्राम चिखलीकला सहित आसपास के ग्रामीणों ने भी इस कार्य को समाज सेवा से बढ़कर ईश्वरी सेवा बताया और रघुवंशी परिवार की सराहना की। इस विवाह आयोजन ने समूचे जिले में एक नया आदर्श स्थापित किया है। सभी ने हरक सिंह रघुवंशी और उनके परिवार को बधाइयां दीं और भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा करते रहने की कामना की।

## तीन स्थानों पर हुई बकरीद की नमाज: लोगों ने मांगी अमन-चैन की दुआ

**सुनील नगेले**

शिवपुरी। शिवपुरी में बकरीद (ईद-उल-अजहा) के मौके पर झांसी रोड स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज अदा की गई। शहर और आसपास के क्षेत्रों से लगभग 8 हजार लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। शहर काजी बलीउद्दीन काजी ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने समुदाय को एकता और भाईचारे का संदेश दिया। साथ ही अमन-शांति की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। शहर में तीन प्रमुख स्थानों पर नमाज का आयोजन किया गया। मरकज मस्जिद में सुबह 7:30 बजे, ईदगाह में 8 बजे और सुवाद मस्जिद में 8:30 बजे नमाज अदा की गई।

### पुलिस बल रहा तैनात

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ईदगाह सहित अन्य स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सतर्कता बरती। ईद की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च भी निकाला गया था।



## आमला पुतला दहन मामले में 13 आंदोलनकारी दोषमुक्त पांच साल बाद आया फैसला

**संदीप वाईकर बैतूल**



बैतूल। वर्ष 2019 में उत्तरप्रदेश के हाथरस में घटी घटना के विरोध में आमला में भीमसेना द्वारा जन आंदोलन किया गया था। इस दौरान उत्तरप्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एक सांकेतिक पुतला दहन किया गया था। पुतला दहन के दौरान प्रधान आरक्षक सुनील राठौर और सब इंस्पेक्टर अमित पवार को चोटें आई थीं। इस घटनाक्रम के बाद आमला थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। थाना आमला, जिला बैतूल में दर्ज अपराध क्रमांक में धारा 353, 332, 333, 147, 148, 149, 294, 188, 34 भादवि के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले में 14 आंदोलनकारियों के खिलाफ मुकदमा चला, जिनमें एक की स्वास्थ्य खराब होने से केस के दौरान मृत्यु हो गई थी। बाकी सभी आंदोलनकारियों को 6 जून को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया। इस पूरे प्रकरण में अधिवक्ता दर्शन बुंदेला ने 10 आरोपियों की ओर से पैरवी की, वहीं 3 अन्य आरोपियों की ओर से एडवोकेट राजेन्द्र उपाध्याय ने पैरवी की। न्यायालय में माननीय अपर सत्र न्यायाधीश ने सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। वहीं एक आरोपी की सुनवाई फिलहाल स्थगित है। इस केस में अधिवक्ता दर्शन बुंदेला, राजेन्द्र उपाध्याय, दीपक बुंदेला, नीरज खातरकर, दीपक खातरकर और पवन मौखडे की अहम भूमिका रही।

## पिज्जा-पास्ता छोड़िए, अपनाइए इंदौरी पोहा—जहाँ हर निवाला दे स्वाद भी और सेहत भी!

**राजेश धाकड़**




विश्व पोहा दिवस के शुभ अवसर पर आज इंदौर के हृदयस्थल राजवाड़ा पर पहुंचकर इंदौरी स्वाद की पहचान सेंव संग पोहा का लुत्फ उठाया और उपस्थित जनसमूह के साथ इस पारंपरिक व्यंजन का आनंद लेते हुए उन्हें इस विशेष दिन की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन के माध्यम से इंदौर की समृद्ध खानपान परंपरा को न केवल सम्मान मिला, बल्कि स्थानीय व्यंजन को प्राथमिकता देने का संदेश भी जन-जन तक पहुँचा। इस विशेष अवसर पर माननीय कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी, विधायक श्री रमेश मेंदोला जी, विधायक श्री गोलू शुक्ला जी, MIC सदस्यगण, पार्षदगण एवं अनेक जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। विश्वभर के पोहा प्रेमियों को, विशेषकर समस्त इंदौरवासियों को #विश्व_पोहा_दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी

## गोधना पहुंचे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञ

# मां चंडी दरबार और किलों की ली विस्तृत जानकारी

**संदीप वाईकर बैतूल**

बैतूल। चिचोली तहसील के गांव गोधना स्थित ऐतिहासिक मां चंडी दरबार और आसपास के किलों को लेकर क्षेत्रीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग को बल मिला है। बीते दिनों भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) की टीम यहां पहुंची और मां चंडी दरबार, राजा इल के किले, देवल व दुधियागढ़ किले का विस्तारपूर्वक सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण दल ने इन स्थलों का निरीक्षण करते हुए स्थल की ऐतिहासिकता, शिल्पकला, संरचना और वर्तमान स्थिति की बारीकी से जांच की। मंदिर परिसर के प्राचीन शिलालेखों, स्थापत्य और आसपास के किलेबंदी क्षेत्र को भी दस्तावेजीकृत किया गया। माना जा रहा है कि टीम द्वारा संकलित जानकारी के आधार पर बहुत जल्द चंडी दरबार और किलों को लेकर कोई नई घोषणा या रिपोर्ट जारी हो सकती है। ग्राम पंचायत गोधना के सरपंच संतोष चिक्का टेकाम ने बताया कि एएसआई की टीम का आना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। इससे हम सबको उम्मीद है कि मां चंडी दरबार और यहां के किले राष्ट्रीय धरोहर घोषित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और गांव को ऐतिहासिक पहचान मिलेगी। इससे पहले भी इस स्थल को लेकर विभिन्न स्तरों पर मांग उठ चुकी है। राष्ट्रीय अजा आयोग ने भी संज्ञान लेते हुए इस स्थान के संरक्षण और पुरातात्विक महत्व की जांच की



अनुशंसा की थी। वहीं, तहसीलदार की रिपोर्ट में भी मां चंडी दरबार को ऐतिहासिक महत्व का स्थल बताया गया है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि वर्ष 1916-17 से ही यह स्थल राजस्व अभिलेखों में मंदिर व पूजास्थल के रूप में दर्ज है। साथ ही, यह भी प्रमाणित हुआ है कि मंदिर की भूमि पर आदिवासी समाज की आस्था जुड़ी हुई है।

गौरतलब है कि राजा इल के समय से इस क्षेत्र में ऐतिहासिक किले, स्थापत्य और धार्मिक महत्व के कई स्थलों का अस्तित्व रहा है, जो अब जर्जर हो चुके हैं। इनका संरक्षण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने आशा जताई है कि एएसआई द्वारा की गई इस जांच के बाद मां चंडी दरबार को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाएगा और यहां के ऐतिहासिक किलों का पुनरुद्धार किया जाएगा। इससे आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास को जानने और समझने का अवसर मिलेगा।

### - क्षेत्र को सार्वजनिक घोषित करने की उठी मांग

गोधना के मां चंडी दरबार क्षेत्र को लेकर आदिवासी समाज सहित अन्य समाजों की भी यह मांग है कि इस क्षेत्र को सार्वजनिक घोषित किया जाए। उनका कहना है कि यह स्थान आस्था का केंद्र होने के साथ ही सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर भी है। यदि इसे सार्वजनिक स्थल का दर्जा मिल जाए तो यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।

# नगर पालिका परिषद के नवीन भवन का भूमिपूजन, एक करोड़ 98 लाख की लागत से किया जाएगा निर्माण



**संदीप वाईकर आमला**

आमला। शहर के वार्ड नंबर 1 में सिविल कोर्ट के सामने नगर परिषद के नवीन भवन का भूमि पूजन किया गया इस भवन का निर्माण एक करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से भवन का निर्माण होगा इस भवन का भूमिपूजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे आमला नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे सहित पार्षदों ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। नगर परिषद अध्यक्ष नितिन गॉडरे ने बताया कि नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।इससे नगरवासियों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने कहा कि यह भवन नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे आम जनता को नगर परिषद की सेवाओं का लाभ सुगमता से मिलेगा।

### नगर पालिका भवन की विशेषताएं: आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालय सामुदायिक हॉल अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेगी

**आमला के निवासियों की प्रतिक्रिया**

आमला के निवासियों ने इस भवन के लिए विधायक नगरपालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारीधन्यवाद दिया है। उनका कहना है कि यह भवन आमला के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। इस वीरेंद्र तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुभाष शर्मा उप यंत्री गुजरे जी मनोज देशमुख मनोज मालवे किशोर माथनकर सुनीता बेले किशन रघुवंशी हरि यादव प्रदीप ठाकुर संजय साहू रामकिशोर देशमुख नितिन देशमुख चिरौंजी पटेल अशोक नागले जितेंद्र बेले गोपेंद्र बघेल प्रदीप कोकाटे दीपक मोरले मनीष नागले राजेश पंडोले राजेश डोलेकर सभापति रोहित हारोडे मनोज विश्वकर्मा मयूर सूरजेकर मुक्ता डोलेकर मनोज अड़लक सतीश हारोंडे समस्त पत्रकार गण सहित नगर परिषद के वार्डो के पार्षद कर्मचारी और जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अब गूंगा बहरा हसनैन बोल व सुन सकेगा, माधुरी की बचेगी जान

### विधायक देवेन्द्र जैन ने बांटे 7 लाख रूपए के स्वीकृति पत्र राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बन रहा बच्चों का जीवन रक्षक

**सुनील नगेले**

शिवपुरी शहरी क्षेत्र में निवास करने वाला श्रवण बाधित (गूंगा व बहरा) हसनैन कुरेंशी अब बोल व सुन सकेगा तथा सिरसौद की माधुरी की जान बच सकेगी। इन दोनों के आपरेशन के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विधायक देवेन्द्र जैन ने 7 लाख रूपए के स्वीकृति पत्रों का वितरण अपने आवास पर किया। उल्लेखनीय है कि जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में 4 डी अर्थात डिफेक्ट ऑफ बर्थ, डिसीज, डिफीशीयनसी, एवं डिसीज के उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिवर्ष दो लाख से अधिक बच्चों का स्कूल व आंगनवाडी केन्द्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचारित किया जाता है। इसके अतिरिक्त ऐसे बच्चे जिन्हें आपरेशन की आवश्यकता है उनका पूर्व निर्धारित पैकेज के अनुसार उपचार कराया जा रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना बच्चों के जीवन में बरदान साबित हो रही है। उनकी जीवन रक्षक बन रही है। शिवपुरी विधान सभा में आने वाले शहरी क्षेत्र तथा सिरसौद में निवास करने वाले ऐसे ही दो बच्चों को शिवपुरी विधायक देवन्द्र जैन द्वारा आपरेशन कराने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 7 लाख रूपए के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया, जो दो बच्चों को स्वीकृति पत्र आज बांटे गए हैं, उनमें शिवपुरी के सईसपुरा में निवास करने वाला हसनैन कुरैशी पुत्र शाहिद कुरेंशी जन्म से ही गूंगा व बहरा है। उसकी उम्र 2 वर्ष से अधिक हो जाने के बाद भी न तो बोल पाता है न ही सुन पा रहा है। ऐसे में आरबीएसके चिकित्सकों ने आंगनवाडी केन्द्र पर उसका परीक्षण किया और सीएमएचओ कार्यालय आवेदन देने की समझाईश दी। जिस पर आज हसनैन के कॉकलीयर इम्पलांट सर्जरी हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए का स्वीकृति पत्र वितरण किया जिससे उसका ग्वालियर के अग्रवाल हॉस्पीटल एवं रिसर्च सेंटर पर अपना आपरेशन हो सकेगा और वह आपरेशन के बाद थैरेपी प्राप्त कर बोल व सुन पाएगा। इसी प्रकार जन्म से ही पीठ पर फोडा अर्थात न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट के साथ जन्मी माधुरी पुत्री सूरज सिंह मौर्य निवासी ग्राम सिरसौद विकासखंड शिवपुरी के फोडे का यदि उपचार नही होता तो वह कैंसर जैसी भयावह बीमारी से ग्रसित हो सकती थी। उसे विधायक देवेन्द्र जैन द्वारा 55 हजार रूपए का स्वीकृति पत्र प्रदाय किया। जिससे उसका इन्दौर के मलटी स्पेशयल्टी नोबल हॉस्पीटल इन्दौर में आपरेशन संभव हो सकेगा। माधुरी के पिता किसान है वह उनकी माली हालत ऐसी नही कि वह इतना रूपया खर्च कर उसका आपरेशन करा सकते थे। माधुरी व हसनैन के परिजनों के चेहरों पर अपने नैनिहालों के आपरेशन के लिए लाखों और हजारों के स्वीकृति पत्र देखकर खुशी की लहर दौड गई और उन्होंने विधायक का बहुत आभार व्यक्त किया।

# मंदसौर जिले के निम्बोद गांव में श्रीरामजानकी मंदिर की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

**मंदसौर/दलोदाः**

मंदसौर जिले की दलोदा तहसील अंतर्गत ग्राम निम्बोद में वर्षों से विवादित श्रीरामजानकी मंदिर की भूमि पर चल रहे कब्जा प्रकरण में प्रशासन ने एक निर्णायक कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया है। गौरतलब है कि संपूर्ण भारत में मंदिरों एवं गोचर भूमि जैसे शासकीय क्षेत्रों को धार्मिक व सार्वजनिक हित के लिए संरक्षित किया गया है, परंतु अनेक स्थानों पर दबंग तत्व और भूमाफिया इन जमीनों पर अवैध कब्जा कर लेते हैं। यही स्थिति निम्बोद गांव में भी उत्पन्न हुई थी।

यहां श्रीरामजानकी मंदिर की भूमि, जो कि सर्वे क्रमांक 369, रकबा 4.003 हेक्टेयर में दर्ज है, उस पर लंबे समय से अवैध कब्जे का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद मंदिर की भूमि को मुक्त कर पुजारी को सौंपा गया था। हालांकि, इसके पश्चात फिर से भूमाफिया तत्वों ने इस पवित्र भूमि पर अवैध रूप से कब्जा जमाने की कोशिशें शुरू कर दीं। हाल ही में ग्रामीणों और मंदिर पुजारी की पहल पर भूमि का पुनः सीमांकन कराया गया, जिसमें एक बार फिर अतिक्रमण का मामला सामने आया। राजस्व निरीक्षक वृत्त आकोदड़ा द्वारा किए गए सीमांकन में यह स्पष्ट हुआ कि मंदिर की भूमि पर लगभग आधा बीघा (≈0.20 हेक्टेयर) क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। यह अतिक्रमण देवराम पिता बद्रीलाल कुमावत, निवासी निम्बोद द्वारा किया गया था। प्रशासनिक कार्यवाही के बाद उक्त भूमि को पुनः अतिक्रमण मुक्त कर शासन के रिकॉर्ड में मंदिर के नाम दर्ज किया गया। इस घटना ने ग्रामीणों को एक बार फिर आश्वस्त किया है कि यदि एकजुट होकर प्रयास किया जाए तो धार्मिक व सार्वजनिक संपत्तियों को माफियाओं से मुक्त कराया जा सकता है। साथ ही इसने प्रशासन से यह अपेक्षा भी मजबूत की है कि ऐसी भूमि की सतत निगरानी हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।





# महिष्मति के विद्वानों ने पद्मश्री को घर जाकर किया सम्मानित

**दीपक तोमर**



मंडलेश्वर ।श्री श्री सीताराम शिव संकल्प संस्थानम् मंडलेश्वर के पदाधिकारियों ने भागवत कथा मर्मज्ञ पंडित पंकज मेहता और महिष्मति के विख्यात साहित्यकार एवं अखिल निमाड़ लोक परिषद के अध्यक्ष कविराज हरीश दुबे के साथ पद्मश्री जगदीश जोशीला के गृह ग्राम गोगांवा पहुंचकर उनका अभिनंदन कर सम्मानित किया।श्री श्री सीताराम शिव संकल्प संस्थानम के अध्यक्ष दिलीप सिंह चौहान सचिव दीपक पाटीदार एवं महेश पाटीदार ने श्री जोशीला के निवास पर उनका पुष्पमाला अंगवस्त्र और श्रीफल देकर सम्मान किया।इस अवसर पर उन्होंने निमाड़ी बोली के विकास में अपने द्वारा दिए गए योगदान को एक सफल प्रयास बताया आपने कहा कि निमाड़ी को राजभाषा का दर्जा तभी मिल पाएगा जब हर निमाड़ी जागरूक होकर निमाड़ी बोलने में शर्म की बजाय गर्व महसूस नहीं करेगा ।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# सनावद के रहवासी क्षेत्र में देह व्यापार की शिकायत नागरिकों ने मकान पर किया हंगामा पुलिस की मौजूदगी में तीन महिलाओं को लिया हिरासत में जांच में जुटी पुलिस

**आशीष शर्मा**

सनावद-नगर के रहवासी क्षेत्र में देह व्यापार की शिकायत नागरिकों को कई समय से मिल रही थी। वही नागरिकों द्वारा इस मामले में आगे आते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना देकर उक्त मकान पर भीड़ के रूप में पहुंची। और वहां पर पुलिस की मौजूदगी में तीन महिलाओं को हिरासत में लेकर थाने आई। मामले में पुलिस जांच कर रही है। बाहेती कालोनी एवं एमडी जैन कालोनी की महिलाओं ने बताया कि विगत कुछ समय से बाहर से आई हुई महिला ने हमारी कॉलोनी में मकान ले रखा है। जहा उसके द्वारा देह व्यापार किया जाता है। जिसमें दिन और रात के समय अनैतिक गतिविधि में बाहर से आने वाली महिलाएं एवं युवतियां भी आकर यहां देह व्यापार करवा रही है। महिलाओं द्वारा इस बात की सूचना बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिलने पर कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। जहां पुलिस द्वारा घर से मकान संचालक सहित दो अन्य महिलाओं को थाने लेकर आई।

# आमला गुड एवं गल्ला व्यापारी कल्लू प्रजापति के घर पर नकाबपोश लूट की घटना का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## चार आरोपी गिरफ्तार, लूटी गई नकदी व जेवरात बरामद

संदीप वाईकर बैतूल

आमला आमला कस्बे में हुई डकैती का पर्दाफाश – चार आरोपी गिरफ्तार, लूटी गई नकदी व जेवरात बरामद दिनांक 21-22 मई 2025 की रात्रि में थाना आमला अंतर्गत कस्बा आमला स्थित रतेड़ा रोड पर रहने वाले गुड़ एवं गल्ला व्यवसायी श्री कल्लूलाल प्रजापति के घर में छत के रास्ते घुसकर अज्ञात हथियारबंद बदमाशों द्वारा डकैती की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया था। बदमाशों ने मारपीट करते हुए 5 लाख नकद एवं सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषण लूट लिए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना आमला में अपराध क्रमांक 363/25, धारा 310(2) BNS के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। इस गंभीर एवं अंधी वारदात को चुनौती के रूप में लेते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री निश्चल झारिया द्वारा एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के निर्देशन में किया गया। इस टीम में थाना आमला प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना, चौकी बोरखी से उप निरीक्षक अमित पवार, थाना बीजादेही से उप निरीक्षक रवि शाक्य, थाना भैंसदेही से उप निरीक्षक नितिन उइके सहित कोतवाली, गंज, मुलताई, साइबर सेल व फिंगरप्रिंट यूनिट के दक्ष अधिकारियों व कर्मचारियों को शामिल किया गया।

### तकनीकी विश्लेषण, सतर्क निगरानी व निरंतर प्रयासों से केस सुलझा

जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य, स्थानीय खुफिया जानकारी और जिले भर के शातिर अपराधियों की प्रोफाइलिंग करते हुए, घटना का



सूत्रधार श्याम पारदी पिता बाबूलाल पारदी निवासी ओझाढाना, बैतूल को चिन्हित किया गया, जिसने अपने रिश्तेदारों और साथियों को ग्राम गुलगांव थाना सांची (रायसेन) एवं ग्राम बन थाना गुलाबगंज (विदिशा) से बुलाकर वारदात को अंजाम दिलवाया था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 07 जून 2025 को चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया —

1. श्याम पारदी, ओझाढाना बैतूल
2. शारूख पारदी, ग्राम चौथिया थाना मुलताई
3. राजू उर्फ अंगवाला पारदी, गुलगांव, थाना सांची
4. टल्लू धुर्वे, निवासी ओझाढाना, बैतूल

इनसे 1,50,000 नकद और लगभग 3,50,000 मूल्य के आभूषण (जिसमें दो सोने के मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमके, अंगूठी, चांदी की दो जोड़ी पायल, सिक्के आदि शामिल हैं) बरामद किए गए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और स्कूटी भी जब्त की गई है। घर का भेदी निकला टल्लू धुर्वे – आरोपी ने दी पूरी योजना को अंजाम देने में मदद

आरोपी टल्लू धुर्वे पूर्व में गोरखनाथ कॉलोनी, आमला में रहकर कबाड़ व्यवसाय करता था और फरियादी के पुत्र प्रवीण उर्फ पिंटू के साथ व्यापार में जुड़ा था। उसी ने श्याम पारदी व अन्य बदमाशों को घटनास्थल की जानकारी दी, जिससे वह इस डकैती का प्रमुख सूत्रधार बन गया।

### पुलिस टीम का उत्कृष्ट समन्वय और अथक परिश्रम

इस जटिल मामले के सफल अनावरण में अति पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के नेतृत्व में गठित टीम अंतर्गत SDOP मुलताई श्री सिंह,थाना आमला के प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना, उनि. अमित पवार, उनि. रवि शाक्य, उनि. नितिन उइके, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी तथा साइबर सेल के आरक्षक राजेंद्र धारसे व दीपेन्द्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अत्यंत सराहनीय योगदान रहा। प्रमुख रूप से सहयोग करने वाले कार्मिकों में – सहा.उपनिरीक्षकः रामेश्वरसिंह, गंभीरसिंहरघुवंशी प्रधान आरक्षकः नीलेश सोनी, अनंतराम यादव, सुशील धुर्वे, रामराव पंद्रे, विकास वर्मा, संतोष मालवीय , कमल पांसे आरक्षकः नागेंद्र, तिलक सिंह, विवेक टेटवार, विवेक पाल, नीरज सेंडे, दुर्गेश, विनोद अस्तरे, शशिकांत, अनिरुद्ध, मयूर, नवीन,अजीत, दीपक, विक्की धुर्वे, विजय मरकाम सम्मिलित हैं। आगे की कार्यवाही जारी – शेष पांच आरोपियों की गिरफ्तारी प्रयासरत इस मामले में शामिल अन्य पांच आरोपी, जो रायसेन व विदिशा जिले के निवासी हैं, की तलाश एवं शेष लूट माल की बरामदगी हेतु पुलिस टीम सतत प्रयासरत है। शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर शेष संपत्ति की बरामदगी की जाएगी। बैतूल पुलिस आमजन की सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए4 प्रतिबद्ध है। ऐसी घटनाओं में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा





उज्जैन वृंदावन धाम कॉलोनी में टाटा द्वारा सीवरेज लाइन नहीं डाली गई जिससे पूरी कॉलोनी के रहवासी परेशान ओर बीमार हो रहे हैं।। इसकी कंप्लेंट बहुत बार नगर निगम और वार्ड क्र.48 की पार्षद अंशु गोपाल अग्रवाल और सीएम हेल्पलाइन पर की भी गई है जिसका अभी तक कोई निराकरण नहीं हो पाया है हर बार बस बहाने बाजी की जा रही है जिसका खामियाजा जाए पूरी कॉलोनी के रहवासी वाले उठा रहे हैं,।

# आमला रमली रेलवे साईं मंदिर घाट पर नगर की सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं







## श्रमदान कर स्वच्छता अभियान एवं जल संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत साईं मंदिर घाट की गई साफ सफाई

**संदीप वाईकर बैतूल**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत श्रमदान करके नितिन गाडरे ने गायत्री परिवार के निवेदन पर पूजन सामग्री विसर्जन की अलग व्यवस्था के साथ अलग विसर्जन घाट बनाने का आश्वासन दिया । आमला के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने श्रमदान कर जल सवंर्धन का संदेश दिया जिससे आने वाली पीढ़ी को भरपूर पेयजल मिल सकें जल संवर्धन और जनजागृति के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार जन अभियान परिषद प्रगतिशील व्यापारी संघ आमला अधिवक्ता संघ एवं अन्य संगठनो ने प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक की पन्नियां और पूजन सामग्री को निकाल कर रमली रोड के मूर्ति विसर्जन घाट को साफ सुथरा किया इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ शिशुपाल ढढोरे सयोजक राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जलाशय एवं घाटों को सहेजना प्रत्येक का कर्तव्य जिससे आने वाले समय में शुद्ध पानी हमें मिलता रहें जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी/घाट की सफाई करना हमारा कर्तव्य है । आमजन पूजन सामग्री सरोवर में न डाले इससे जल प्रदूषित होता है गायत्री परिवार के प्रमुख ट्रस्टी बी पी धामोडे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर श्रमदान कर कर जागरूकता का संदेश दिया। गायत्री परिवार आमला के ट्रस्टी ठाकुरदास पवार , युवा प्रकोष्ठ निलेश कुमार मालवीय और नर्मदा प्रसाद सोलंकी , कैलाश धाकड़ , राजेश मालवीय, परसोड़ा के कृष्ण माथनकर, रमली के जगदीश दोडके अधिवक्ता नितिन देशमुख शफी खान मनोज कश्यप, मनोज विश्वकर्मा, जन अभियान के नितेश साहू प्रगतिशील व्यापारी संगठन से यशवंत चडोकर, रमेश पुंडे, गोलू देशमुख पूर्व जनपद सदस्य ससुन्द्रा आदि परिजन मौजूद रहें। एनजीओ संचालक ममता बचले ,भावना बचले, पवन गोरले ने ओम साईं विजन की ओर से श्रमदान किया। शिवराम सिंह उपनिरीक्षक रेल्वे सुरक्षा बल ने श्रमदान कर साफ सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होने बताया कि पेयजल प्लास्टिक मुक्त हो जिससे आने वाली पीढ़ी भी शुद्ध पेयजल प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में जितेन्द्र शर्मा सतीश देशमुख धनराज धौलपुरिया मुकद्दम और नगर पालिका परिषद आमला के कर्मचारियों ने श्रमदान कर कचरा घाट से निकालकर निश्तार की व्यवस्था बनाई।

# तहसीलदार ने कहाबेदखली के किये आदेश ,भूमाफिया कर रहे शासकीय भूमि पर खेती




**संदीप वाईकर बैतूल**

आमला।तहसील अंतर्गत ग्राम रम्भाखेड़ी परसोडा मे कुछ दबँगों द्वारा शासकीय भूमि पर बेजाकब्जा कर अवैध रूप से की जा रही है। इस मामले मे तहसीलदार ऋचा कौरव का कहना है की अवैध कब्जाधारियों पर बेदखली की कार्यवाही की गई है लेकिन तहसीलदार के बेद खली के आदेश की खुली आवेहलना कर कब्जा की गई भूमियों पर खेती की जा रही है ग्राम परसोडा मे आर जी एम डेम से लगी 4.5 एकड़ भूमि पर ट्रेक्टर से कल्टिवेटर कर बोनी की तैयारी की जा रही है यही हाल ग्राम रम्भाखेड़ी की शासकीय भूमियों का है बेदखली का आदेश सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है, क्योंकि आदेश जारी होने के बाद अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है। कार्रवाई नहीं होने से कब्जाधारी के हौसले बुलंद है और उन लोगो द्वारा बेदखली के आदेश के बाद भी शासकीय भूमि पर खेती करने कल्टिवेटर का कार्य कराया गया रम्भाखेड़ी मे रेलवे पटरी के बाजु मे देयत बाबा क्षेत्र मे खसरा नंबर 80 व अन्य सरकारी खसरो पर लोगो के वर्षो से कब्जे क़ायम है ग्राम् परसोडा मे भी चरणोई भूमि व अन्य शासकीय भूमि के इस मामले मे ग्राम के सोनू बंधिया व अन्य ग्रामीणों ने लगातार शिकायत करने के बाद भी तहसीलदार ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### अनेको ग्रामो मे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण

आलम यह है की ग्राम रमली ससाबड़ अंधारिया नांदपुर रम्भाखेड़ी परसोडा ,केदारखेड़ा ,छिपन्या पिपरिया सहित अन्य ग्रामो मे वर्षो से शासकीय भूमियों पर सेकड़ो एकड़ मे दबँग लोगो के कब्जे बरकरार है जिसमे हर वर्ष खेती कर मुनाफा कमाया जाता है पटवारी आर ई द्वारा कब्जो के सबंध मे रिपोर्ट प्रतिवेदन दिये जाते है लेकिन कब्जा हटाने के लिए राजस्व विभाग गंभीर नही है

### छिपन्या पिपरिया में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा

छिपनिया पिपरिया के ग्रामीणों ने तहसीलदार रिचा कौरव को ज्ञापन देकर गांव की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है दबंगों ने करीब 200 एकड़ शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा किया है। पंचायत और ग्रामीणों के कई प्रयासों के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया। ग्रामीणों ने बताया कब्जाधारी किसी की नहीं सुन रहे। दबंगई से जमीन पर कब्जा कर रखा है। उन्होंने चेतावनी दी अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कार्रवाई नहीं होने से अन्य लोग भी शासकीय जमीन पर कब्जा करने लगेंगे।

रणजीत टाइम्स



# स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. ने उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ला को स्मृति चिन्ह भेंट किया



इंदौर। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. ने उप-मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ला से सौजन्य भेंट कर उन्हें क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी एवं संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल एवं सचिव यशवर्धन सिंह ने उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ला एवं युवा उद्योगपति श्री मोहित टंडन एवं पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सोनाली यादव एवं वरिष्ठ फोटोग्राफर बंसीलाल लालवानी भी मौजूद थे। श्री शुक्ला निजी विश्वविद्यालय के समारोह में भाग लेने के लिए विशेष विमान से इंदौर आए थे।

# जुनेश्वर महादेव कावड़िया में महेश गुरूजी उज्जैन के श्री मुख से शिव महापुराण का आज दूसरा दिन संपन्न हुआ

संजय प्रेम जोशी



गुरुदेव ने कार्तिकेय श्री गणेश भगवान द्वारा माता-पिता की परिक्रमा एवं भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया साथ ही भारतीय सेना के सिंदूर ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की मनोबल बढ़ाया एवं गौ माता के रक्षा पर्यावरण के रक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डालकर देश भक्ति भगवान शिव के भक्ति के गीत प्रस्तुत हुए महा आरती के साथ कथा का विश्राम हुआ इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कावड़िया सुरेंद्र सिंह चिलखी तेज सिंह अरविंद सिंह काबड़िया अर्जुन सिंह मान सिंह व चिलखि गोला कावड़िया ग्यारसपुरा महुडिया आदि गांव के। ग्रामीण जन ने कथा का श्रवण किया।



## जय श्री महाँकाल

बड़े हर्ष और उलाश के साथ मे हर वर्ष की तरह महाकाल सेना के तत्व धवन मे इस वर्ष भी महाकल सेना अपने कार्यकताओ को काठमांडू नेपाल की यात्रा करायेगा महाकाल सेना पिछले 10 वर्ष से अपने महाकाल सेना के करकर्ताओ को अलग अलग तीर्थ स्थानों के दर्शन करा रहा है इस वर्ष भी संस्था महाकाल सेना के तत्व धवन मे यात्रा निकाली जा रही है महाकाल सेना के संस्थापक अर्जुन नायक का कहना है की आने वाले समय मे महाकल सेना गरीब बुजुर्गो को फ्री यात्रा कराएगी आज दिनांक 8 तारिक को यात्रा इंदौर से नेपाल काठमांडू की और प्रस्थान करेगी जिसमे सभी जिसमें सभी कार्यकर्ता रितेश व्यस चिंटू यादव बंटी भावसार धर्मेन्द्र वर्मा सतीश पांचाल उज्वल व्यस मुकेश प्रजापत धर्मेन्द्र वार्मा आज महाकाल सेना का इंदौर रेलवे स्टेशन पर प्रवीण सूर्यवंशी दिनेश चौहान और अन्य लोगों ने मिलकर महाकाल सेना का स्वागत करा

# कोविड से निपटने के लिए इंदौर में एहतियात के रूप में व्यापक प्रबंध

## नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

## तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न



इंदौर जिले में कोविड-19 संक्रमण से निपटने के लिए सतर्कता और एहतियात के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जिले के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि सतर्क रहते हुए लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जाँच कराएं और समय पर उपचार लें। जिले में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। यह जानकारी आज प्रभारी कलेक्टर श्री गौरव बेनल की अध्यक्षता में आयोजित कोविड समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, डॉ. माधव हसानी सहित जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों के संचालक उपस्थित थे। बैठक में जनवरी 2025 से अभी तक की कोविड स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि इस अवधि में इंदौर जिले में कुल 41 कोविड पॉजिटिव केस सामने आए हैं, जिनमें से 26 मरीज वर्तमान में आइसोलेशन में रहते हुए उपचाररत हैं। सभी मरीजों की स्थिति सामान्य बताई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि वर्तमान में जो संक्रमण के केस सामने आ रहे हैं, वे 'ओमिक्रॉन BA.2-लाइक' जैसे अत्यंत सामान्य स्वरूप के हैं, जिनमें गंभीर लक्षण नहीं देखे जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा सभी अस्पतालों को सतर्क रहने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे भीड़-भाड़ वाले स्थानों में मास्क का उपयोग करें, बार-बार हाथ धोएं और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। श्री बेनल ने निर्देश दिये कि सभी आवश्यक तैयारियां रखी जायें। जरूरी सामग्री और औषधियों का पर्याप्त स्टॉक रखना सुनिश्चित किया जाये। सप्लाई चेन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। आर.आर.पी. दल को प्रशिक्षित किया जाये। बताया गया कि शासकीय और अशासकीय अस्पतालों में सेम्पलिंग और जांच की पर्याप्त व्यवस्था है।

## सतर्क रहें... घबराएं नहीं

वर्तमान में मौसम के बदलाव के कारण विभिन्न तरह के वायरस आदि से श्वसन संबंधी बीमारियां दृष्टिगत हो रही हैं। ओमिक्रॉन के वर्तमान में प्रचलित वैरियएंट के सर्कुलेशन में है। जिससे खांसी, गले में खराश के साथ हल्की बीमारी के लक्षण जैसे बुखार, सर्दी, खांसी, शरीर में दर्द जैसे सामान्य लक्षण दिखाई देते हैं। जागरूक नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वयं एवं जनता के हित में सामाजिक दूरी बनाकर रखें। हाथ धोने संबंधी व्यवहार को जीवन का अंग बनाए एवं सार्वजनिक स्थानों पर रुकें नहीं। बुजुर्ग एवं सहरुग्णता वाले व्यक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता कम रखने वाले व्यक्ति कम हवादार या भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। यदि बाहर जाना आवश्यक है, तो मास्क का उपयोग करें। तीव्र श्वसन रोग के लक्षण वाले व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की निगरानी स्वयं कर सकते हैं। यदि उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो तो और ऐसे लक्षणों में वृद्धि दिखाई दे तो वे निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों पर तत्काल पहुँचे।